# DR.Y.S. PARMAR
# GOVERNMENT PG COLLEGE NAHAN
# DISTT. SIRMOUR HIMACHAL PRADESH

# SELF-ASSESSMENT REPORT (2023-24)

# 2.15

STUDENT SUPPORT, SERVICES AND PROGRESSION:

ANNUAL PRIZE DISTRIBUTION FUNCTION ORGANISED

# Contents

2. STUDENT SUPPORT, SERVICES AND Progression ........ 0
15. Annual Prize Distribution Function organised: yes ........ 1

# 2. STUDENT SUPPORT, SERVICES AND PROGRESSION

15. Annual Prize Distribution Function organised: yes

अमर उजाला | सिरमौर | चंडीगढ़ | बुधवार, 13 मार्च 2024

# नाहन कॉलेज के मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

## कॉलेज के वार्षिक समारोह में विधायक अजय सोलंकी रहे मुख्यातिथि, ओपन थिएटर के ग्रीन रुम को दिए सात लाख रुपये



नाहन कॉलेज के वार्षिक समारोह में मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते नाहन के विधायक अजय सोलंकी। संवाद




नाहन कॉलेज के वार्षिक समारोह में नृत्य पेश करतीं छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

नाहन (सिरमौर)। डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन ने मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जिसमें नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। जबकि प्रो. भारती और समिति ने सभी अतिथियों को बैज पहनाकर उनका अभिवादन किया। इस मौके पर विधायक ने महाविद्यालय परिसर में निर्मित डॉ. यशवंत परमार की मूर्ति का अनावरण और नवनिर्मित यशवंत वाटिका का लोकार्पण किया।

इसके बाद मुख्यातिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व शास्त्रीय नृत्य पेश किया। प्राचार्य डॉ. प्रेम भारद्वाज ने वर्ष 2023-24 का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें महाविद्यालय की स्थापना, सत्र में शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक क्षेत्रों में अर्जित हुई उपलब्धियों व महाविद्यालय की जरूरतों का ब्योरा शामिल रहा।

इस मौके पर सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय परीक्षा की मेरिट में रहे विद्यार्थियों एवं 2023-24 में शैक्षणिक, खेलकूद, क्लब व सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक अजय सोलंकी ने कॉलेज के ओपन थिएटर के ग्रीन रूम के लिए सात लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से प्रो. रीना चौहान व उनकी टीम के निर्देशन में तैयार किये गए शास्त्रीय गायन व

### विधायक ने यशवंत वाटिका का किया लोकार्पण

क्लासिकल नृत्य, गरबा, पंजाबी गिद्दा व भंगड़ा, हरियाणवी व राजस्थानी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रो. अनूप के दिशा निर्देशन में सिरमौरी धाम का आयोजन हुआ। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उत्तमा पांडेय ने मुख्यातिथि व सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

प्रो. रीना चौहान व प्रो पंकज चांडक ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव व प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस समिति रूपेंद्र ठाकुर, कांग्रेस जिला प्रधान आनंद परमार, पूर्व प्राचार्य डॉ. सुरेश जोशी, डॉ. दिनेश भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र तोमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सोलंकी, जिला प्रवक्ता कैप्टन सलीम अहमद, प्राध्यापक-अभिभावक संघ की प्रधान कमला देवी आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज में शुरू हो एमए और एमएससी की पढ़ाई



नाहन कॉलेज में विधायक अजय सोलंकी को ज्ञापन देते एबीवीपी के पदाधिकारी। संवाद

### एबीवीपी ने नाहन के विधायक अजय सोलंकी को दिया ज्ञापन

संवाद न्यूज एजेंसी

नाहन (सिरमौर)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नाहन इकाई ने नाहन महाविद्यालय में एमए और एमएससी विषय की कक्षाएं शुरू करने की मांग की है।

इस मांग का लेकर विद्यार्थी परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल कॉलेज पहुंचे नाहन के विधायक अजय सोलंकी से मिला और उनको ज्ञापन सौंपा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पारस ठाकुर ने विधायक को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नाहन महाविद्यालय प्रदेश का सबसे बड़ा कॉलेज है। यहां पर जिले भर से 3,500 विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहां एमए और एमएससी की सुविधा न होने के कारण उनको जिले से बाहर जाकर पढ़ना पड़ रहा है। उन्होंने विधायक से मांग की कि नाहन महाविद्यालय में एमए और एमएससी विषय की पढ़ाई शुरू करवाई जाए। इस मौके पर आधा दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
बुधवार WEDNESDAY, 13 मार्च 2024

# नाहन महाविद्यालय में मेधावी व खिलाड़ी किए सम्मानित

## हिमाचल निर्माता की प्रतिमा का किया अनावरण

नाहन, 12 मार्च (आशु): मंगलवार को डा. वाई.एस. परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक अजय सोलंकी मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में हिमाचल निर्माण डा. वाई.एस. परमार की प्रतिमा का अनावरण किया, साथ ही नवनिर्मित यशवंत वाटिका का भी शुभारंभ किया। शामिल होने पहुंचे थे।

उन्होंने महाविद्यालय के ओपन थिएटर के ग्रीन रूम के लिए 7 लाख की धनराशि देने की भी घोषणा की। कहा कि महाविद्यालय की सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। खेल मैदान का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा और इसके लिए प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य डा. प्रेमराज भारद्वाज ने वर्ष 2023-24 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय परीक्षा की मैरिट में रहे विद्यार्थियों एवं 2023-24 में शैक्षणिक, खेलों, क्लब व सांस्कृतिक गतिविधियों की डा. उत्तमा पांडेय के नेतृत्व में पुरस्कार समिति द्वारा तैयार सूची के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत बी.एससी. प्रथम वर्ष में आदित्य शर्मा, अनु शर्मा, अमिषा शर्मा, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष में आयुशी, दीपिका, मिताली, तृतीय वर्ष में आस्था शर्मा, गोपाल सिंह, आदित्य, बी.ए. प्रथम वर्ष में तपस्या, अमिता, निलाकशी, द्वितीय वर्ष में ज्योति शर्मा, मनीषा, हर्तिका, तृतीय वर्ष में राकेश जोशी, मेघा गुप्ता व करिश्मा कुमारी सहित सैंकड़ों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रो. रीना चौहान व उनकी टीम के निर्देशन में तैयार किए गए शास्त्रीय गायन व क्लासिकल नृत्य, गरबा, पंजाबी गिद्दा व भंगड़ा, हरियाणावी व राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव रूपेंद्र ठाकुर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद परमार, पूर्व प्राचार्य डा. सुरेश जोशी, डा. दिनेश भारद्वाज, नरेंद्र तोमर, राजेश सोलंकी, सलीम अहमद, एडवोकेट अमृत सिंह शाह, पार्षद राकेश गर्ग, वीरेंद्र पासी, कार्यवाहक प्राचार्य भरली डा. जगदीश चौहान, डा. मोहन सिंह, डा. डी.एस. तोमर, कमला देवी सहित कालेज के समस्त शिक्षक व गैर-शिक्षक सदस्य मौजद रहे।



नाहन : कालेज परिसर में हिमाचल निर्माता डा. वाई.एस. परमार की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक अजय सोलंकी। (अब्दुल)



(अब्दुल)

नाहन : कालेज के वार्षिक पारितोषिक समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।